**Press Release**

TATA POWER-DDL

**22 जुलाई, 2024**

**तत्काल प्रकाशनार्थ**

**नई दिल्ली**

# टाटा पावर-डीडीएल ने सेनेगल नेशनल इलेक्ट्रिसिटी एजेंसी (SENELEC) के लिए दो सप्ताह का इंटरनेशनल कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया

नॉर्थ एवं नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में 20 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने सेनेगल नेशनल इलेक्ट्रिसिटी एजेंसी (SENELEC) के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए "बैस्ट प्रेक्टिसेज़ इन स्मार्ट मीटरिंग" पर एक विस्तृत ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। प्रोग्राम का आयोजन बिजली वितरण के विभिन्न क्षेत्रों में, कंपनी की क्षमता निर्माण के विज़न के अनुरूप किया गया था।

स्मार्ट मीटरिंग टैक्नोलॉजी में अपने अनुभव के चलते, टाटा पावर-डीडीएल की सेनपीड टीम द्वारा इस 14-दिवसीय प्रोग्राम का संचालन किया गया और इसके माध्यम से, सेनेगल नेशनल इलेक्ट्रिसिटी एजेंसी (SENELEC) के साथ स्मार्ट मीटरिंग टैक्नोलॉजी संबंधी जानकारी और विशेषज्ञता साझा की गई। प्रोग्राम को अलग-अलग शहरों - दिल्ली, जयपुर और आगरा में आयोजित किया गया और विभिन्न टॉपिक्स एवं मॉड्यूल्स के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गई। स्मार्ट मीटरिंग के बारे में समझ और जानकारी प्रदान करने के अलावा, इस प्रोग्राम ने स्मार्ट मीटरिंग जर्नी एंड कम्युनिकेशन टैक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एंड डेटा एनेलिटिक्स, कमर्शियल प्रोसेस ओवरव्यू, रेग्यूलेट्री ओवरव्यू के साथ-साथ इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी जैसे मॉड्यूल्स पर भी रोशनी डाली और स्मार्ट ग्रिड लैब का दौरा कराया गया।

इस प्रोग्राम के संचालन में टाटा पावर-डीडीएल के विभिन्न विभागों, जैसे नेटवर्क इंजीनियरिंग, आईटी, कम्युनिकेशंस, साइबरसिक्योरिटी, कमर्शियल और स्मार्ट मीटरिंग ने भी योगदान दिया। इस प्रोग्राम को प्रतिभागियों (SENELEC के अधिकारियों) की ओर से पॉजिटिव फीडबैक मिला।

**श्री गजानन एस काले, चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर, टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *"हमें स्मार्ट मीटरिंग के क्षेत्र में SENELECके साथ अपनी निपुणता शेयर करते हुए खुशी है। स्मार्ट मीटरिंग टेक्टनोलॉजी ने पावर सेक्टर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यूटिलिटीज़ को जरूरी जानकारी और कौशल प्रदान कर, हम अधिक सस्टेनेबिल तथा एफिशिएंट पावर इकोसिस्टम का निर्माण करने में योगदान करेंगे।"*

प्रोग्राम के समापन समारोह में टाटा पावर-डीडीएल के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य उपस्थित थे। प्रोग्राम के कुशल संचालन के लिए SENELEC ने आभार व्यक्त किया।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अभूतपूर्व कमी दर्ज की गई है।

टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com

For further information please contact:

| **Corporate Communications:** | | **Slough PR:** |
|---|---|---|
| Sonia Sarin | (9910292599) | Abhishek Anand(9711061540) |